# देश के राज्यों में बारिश का रौद्र रूप

## देहरादून में अतिवृष्टि, नदियों में पानी बढ़ा

## पांच सौ से ज्यादा लोग फंसे रेस्क्यू जारी



**देहरादून/पटना/रायपुर, 16 सितंबर. देश के कई हिस्सों में एक बार फिर मौसम का मिजाज बिगड़ गया है. कहीं बाढ़, कहीं भूस्खलन और कहीं तेज आंधी-बिजली ने लोगों को बेहाल कर दिया है.**

देश के पहाड़ी राज्यों में आसमान से आफत बरस रही है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है. देहरादून के सहस्त्रधारा में बादल फटने से नदियां उफान पर हैं, मंदिर और घर डूब गए हैं, वहीं मंडी में लगातार बारिश से भूस्खलन हो रहा है. राहत और बचाव दल मौके पर जुटे हैं, लेकिन हालात फिलहाल काबू से बाहर नजर आ रहे हैं. सबसे दर्दनाक हादसा विकासनगर में टोंस नदी के पास हुआ, जहां मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई. शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार, 8 लोगों की मौत हो चुकी है और 4 अब भी लापता हैं. लापता लोगों की तलाश के लिए गोताखोरों की मदद ली जा रही है.

हिमाचल से लेकर महाराष्ट्र से लेकर, बिहार से छत्तीसगढ़ तक, कुदरत का गुस्सा अब कहर बनकर टूट रहा है. हालात इतने गंभीर हैं कि कई जगह लोगों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू करना पड़ा है.

### पीएम और गृह मंत्री ने ली जानकारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार सुबह दूरभाष पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से राज्य में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की. उन्होंने प्रदेश को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है. मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से राज्य में राहत कार्य व तेज़ी से संचालित होंगे.

### 51 लोग फंसे, रेस्क्यू अभियान जारी

देहरादून द्वारा सुरक्षित निकाल लिया है. सहस्त्रधारा रोड पर कुछ लोगो के फंसे होने की सूचना है जिस पर टीम द्वारा अग्रिम कार्यवाही गतिमान है. हैरीटेज होटल, मसूरी में 6 से 8 लोगों के फंसे होने की सूचना जिस पर टीम द्वारा अग्रिम कार्यवाही गतिमान है. लिटिल हैवन होटल, मसूरी में 10 से 15 लोगों के फंसे होने की सूचना है. पंचकूली, रायपुर क्षेत्र में 25 से 30 लोगों के फंसे होने की सूचना है. एमडीडीए, डालनवाला क्षेत्र में 15 से 20 लोगो के फंसे होने की सूचना है. सेरकी सिल्ला, मालदेवता में कुछ लोगों के फंसे होने की सूचना है.

# विदेशों में सक्रिय तस्करों को भारत लाएंगे

## मादक पदार्थ निरोधक कार्यबलों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में हुए शामिल शाह



**नई दिल्ली, 16 सितंबर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों और भगोड़े अपराधियों पर नकेल कसने के लिए उनके निर्वासन और प्रत्यर्पण की प्रक्रियाओं में तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया है.**

शाह ने मंगलवार को यहां राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मादक पदार्थ निरोधक कार्यबलों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए ज़ोर देकर कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी को बढ़ावा देने वाले और विदेशी धरती पर सक्रिय लोगों को जल्द ही भारतीय कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए. केंद्रीय जाँच ब्यूरो के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने समन्वित और सामूहिक कार्रवाई का आह्वान किया और कहा कि मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने से न केवल इनके दुरुपयोग पर अंकुश लगता है बल्कि आतंकवाद और संगठित अपराध के लिए धन जुटाने के रास्ते भी बंद होते हैं. उन्होंने कहा, अब समय आ गया है उन लोगों को कानून के दायरे में लाने का, जो विदेशों में बैठकर हमारे देश में नशे का व्यापार चलाते हैं. सीबीआई ने इसके लिए बहुत अच्छा काम किया है. मेरा सभी कार्यबलों के अध्यक्षों से अपील है कि सीबीआई की मदद से भगौड़ों के प्रत्यर्पण की व्यवस्था सुनिश्चित करें. यह न केवल ड्रग्स, बल्कि टेररिज्म से लेकर गिरोहों तक, सभी में मदद करेगा.

उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय इसके लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर रहा है. उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी पर सरकार की कड़ी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि छोटे स्तर पर काम करने वाले लोगों की गिरफ्तारियों के माध्यम से अब देश में सक्रिय पूरे मादक पदार्थ नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में काम किया जा रहा है. गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी के बाद इसे तीन स्तर पर लोगों तक पहुंचाया जाता है.

# प्रियंका गांधी ने किया किसान के घर का दौरा



**वायनाड 16 सितंबर. कांग्रेस महासचिव और वायनाड सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पद्मश्री चेरुवायल रमन ( 75 ) से मुलाकात जिन्होंने अपने खेतों में 55 से अधिक दुर्लभ चावल की किस्मों को संरक्षित कर रखा है.**

सांसद अपने संसदीय क्षेत्र की एक सप्ताह की यात्रा पर हैं और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से मिल रही हैं और विकास कार्यों का जायजा भी ले रही हैं. इसी दौरान वह श्री रमन के घर अचानक ही पहुंच गईं और संरक्षित धानों के खेतों में पहुंच कर उनके बारे में जानकारी लेने की कोशिश भी की. वाड्रा ने रमन के साथ दुर्लभ धान के बीजों के संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण के उनके तरीकों पर विस्तृत चर्चा की. उन्होंने आधुनिक युग में किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझने में भी गहरी रुचि दिखाई. उन्होंने रमन के घर पर लगभग तीन घंटे बिताए और विभिन्न विषयों पर चर्चा की. साथ ही उन्होंने विशेष रूप से उनके लिए तैयार किए गए.

इसके अतिरिक्त वाड्रा ने रमन के मार्गदर्शन में तीरंदाजी में भी हाथ आजमाया. रमन एक पारंपरिक आदिवासी किसान हैं. उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बेहतरीन दिन था जिसे मैं कभी नहीं भूलूँगा. उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के प्रशंसक रहे हैं. रमन को 2023 में पद्मश्री से नवाजा जा चुका है. वाड्रा इससे पहले मलप्पुरम में लेखक करास्सेरी और मरकज के निदेशक डॉ ए पी अब्दुल हक्किन अशरी के घर का भी दौरा किया था.

# जेल में महिला गार्ड को धमकाने के आरोप में 3 कैदियों पर मामला दर्ज

**नागपुर, 16 सितंबर.** नागपुर सेंट्रल जेल के तीन कैदियों पर जेल परिसर में एक महिला सुरक्षा गार्ड को कथित तौर पर धमकाने का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब महिला गार्ड कैदियों के बीच हुए विवाद में हस्तक्षेप कर रही थी. तीनों आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र चावड़ा, रवि साखरकर और विजय कांबले के रूप में हुई है. इन तीनों ने कथित तौर पर महिला गार्ड के साथ दुर्व्यवहार किया और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी.

# 'रबी सम्मेलन 'एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम' का उदाहरण'

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में दिल्ली में 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन आयोजित



**नई दिल्ली, 16 सितंबर 2025, 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान -2025' में वर्ष 2025-26 के लिए 362.50 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, यह जानकारी आज दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी.**

संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2024-25 में 353.96 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 21.66 मिलियन टन (6.5 फीसदी) अधिक है. धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली व सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों में रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है. निर्धारित लक्ष्य 341.55 मिलियन टन से यह 12.41 मिलियन टन अधिक है. उन्होंने बताया कि रबी सम्मेलन एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के ध्येय को सिद्ध करने का एक सफल उदाहरण है. इस सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारियों को गहन विचार-विमर्श करने का मंच उपलब्ध हुआ है.

उन्होंने बताया कि पहले रबी सम्मेलन एक दिन का ही होता था, लेकिन इस बार और अधिक बारीकी से काम करने के उद्देश्य से सम्मेलन दो दिवसीय रखा गया. शिवराज सिंह ने कहा कि कृषि के समग्र विकास के लिए केंद्र और राज्य एक साथ मिलकर काम करने के लिए एकत्रित हुए हैं. शिवराज सिंह ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन छह विषयों पर अलग-अलग समूहों में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने विचार-विमर्श किया. शिवराज सिंह ने कहा कि अब अलग-अलग राज्यों का रोडमैप वहां कृषि को विकसित करने के लिए वहीं कार्यशाला करके तय किया जाएगा.

## एक नजर में



### इजरायल ने गाजा में जोरदार हमले शुरू किए

**गाजा/यरूशलम, 16 सितंबर.** इजरायल ने गाजा शहर पर मंगलवार को भारी बमबारी शुरू की. मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है. अमेरिका मीडिया एक्सियोस ने अपनी रिपोर्ट में इजरायली अधिकारियों के हवाले से बताया कि इजरायली सेना ने गाजा पर कब्जा करने के लिए जमीनी हमला किया है. इजरायली समाचार पत्र द जेरूसलम पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार देर रात गाजा शहर पर आक्रमण किया. टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार हाल के दिनों में आईडीएफ ने शहर के अंदर और आसपास धीरे-धीरे हवाई हमलों को बढ़ाया है लेकिन उत्तरी शहर में घनी आबादी के बीच अभी अपनी सेना नहीं भेजी है. गाजा के स्थानीय सूत्रों और चश्मदीदों ने गाजा शहर में इजरायली टैंकों के घुसपैठ को नकार दिया. गाजा के एक निवासी ने कहा कि अभी तक शहर के भीतर इजरायल टैंकों के प्रवेश या आवाजाही की कोई खबर नहीं है.

### चीन ने उपग्रह तकनीक के लिए किया प्रक्षेपण

**जिउक्वान, 16 सितंबर.** चीन ने मंगलवार को देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से उपग्रह इंटरनेट तकनीक के लिए एक परीक्षण उपग्रह को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उपग्रह को आज सुबह 9.06 बजे (स्थानीय समयानुसार) लॉन्ग मार्च-2सी वाहक रॉकेट के ज़रिए प्रक्षेपित किया गया, जिसमें युआनझेंग-1एस (एक्सपीडिशन-1एस) का ऊपरी चरण रॉकेट से जुड़ा हुआ था. उपग्रह सफलतापूर्वक अपनी पूर्व निर्धारित कक्षा में पहुँच गया है. यह लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट श्रृंखला का 595वाँ उड़ान मिशन था.

### इजरायल को अंतरराष्ट्रीय खेलों से बाहर रखें

**मैड्रिड, 16 सितंबर.** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने गाजा में इज़रायल की गतिविधियों के कारण उसे अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आह्वान किया है. उन्होंने अपनी सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा, इज़रायल अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने के लिए किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल नहीं कर सकता. रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने रविवार को कहा कि 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए इज़रायल के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा रूस के साथ किया गया है.

# शरणार्थियों और विस्थापितों के मदद के लिए समझौता

**काबुल, 16 सितंबर ( वार्ता ).** अफगानिस्तान सरकार ने प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियों के साथ चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं. अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने सोमवार देर रात बताया कि इन समझौता ज्ञापनों के माध्यम से आंतरिक रूप से विस्थापित परिवारों और वापस लौटने वाले शरणार्थियों की मदद के लिए लगभग 1.23 मिलियन अमेरिकी डॉलर आवंटित किए जाएंगे. इससे काबुल, कुनार, हेलमंद, जाबुल, निमरोज, बदगीस, फराह और हेरात प्रांतों में 10,749 से अधिक परिवारों और 110,812 व्यक्तियों को लाभ होगा.

# आईएईए से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान

**तेहरान, 16 सितंबर. ईरान, रूस, बेलारूस, चीन, वेनेजुएला और निकारागुआ ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ( आईएईए ) से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमले या इस तरह के किसी खतरे पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है.**

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने यह घोषणा की. उन्होंने प्रस्ताव का एक स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुये लिखा- एनपीटी की अखंडता की रक्षा के लिए ईरान ने चीन, रूस, वेनेजुएला, निकारागुआ और बेलारूस के साथ मिलकर आईएईए सुरक्षा उपायों के तहत परमाणु स्थलों और सुविधाओं पर सभी प्रकार के हमले और हमले की धमकियों पर प्रतिबंध पर एक मसौदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है. उन्होंने लिखा हमारा मसौदा पुन: पुष्टि करता है, सभी देशों को %शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा विकसित करने का अविभाज्य अधिकार प्राप्त है और वे किसी भी हमले या हमले की धमकी के विरुद्ध प्रभावी गारंटी के हकदार हैं. बाकेई ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया और अराजकता के के विरुद्ध चेतावनी दी, जो संभवत: जून में अमेरिका और इज़रायल के हमलों का संकेत था. ईरानी अधिकारी का यह बयान देश के परमाणु कार्यक्रम प्रमुख मोहम्मद इस्लामी द्वारा आईएईए सत्र के दौरान वियना में की गई.

# शिक्षा ऋण की राशि पर नहीं लगेगा ब्याज

## बिहार विधानसभा चुनाव के पहले नीतीश कुमार ने छात्रों को दिया बड़ा तोहफा

**पटना, 16 सितंबर ( वार्ता ) बिहार सरकार ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत आवेदकों को दिये जाने वाले शिक्षा ऋण की राशि को ब्याज रहित करने का निर्णय लिया है.**

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले नीतीश कुमार की सरकार ने छात्रों को बड़ा तोहफा दिया है. नीतीश सरकार ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत आवेदको को दी जाने वाली शिक्षा ऋण की राशि को ब्याज रहित करने का निर्णय लिया है. कुमार ने एक्स पर लिखा, बिहार में 7 निश्चय योजना के अंतर्गत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए 2 अक्टूबर 2016 से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू है. मुख्यमंत्री नीतिश ने बताया उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अधिकतम 4 लाख का शिक्षा ऋण सामान्य आवेदक को 4 प्रतिशत ब्याज दर पर तथा महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेन्डर आवेदक को मात्र 1 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है.

सीएम नीतिश ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले शिक्षा ऋण की राशि सभी आवेदकों के लिए ब्याज रहित होगी. उन्होंने बताया कि 02 लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को 60 मासिक किस्तों (05 वर्ष) में वापस करने का प्रावधान था, जिसे अब बढ़ाकर अधिकतम 84 मासिक किस्तों (07 वर्ष) में तथा 02 लाख से ऊपर ऋण राशि को 84 मासिक (07 वर्ष) किस्तों से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक (10 वर्ष) किस्तों में वापस करने का प्रावधान किया गया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जाने वाली शिक्षा ऋण में दी जाने वाली इन सुविधाओं से छात्रों के मनोबल में वृद्धि होगी.



# डीयू चुनाव में दीपेंद्र के भाषण के दौरान मारपीट

**नई दिल्ली 16 सितंबर. डीयू छात्र संघ चुनाव की सरगर्मियां इस कदर बढ़ गई हैं कि अब सियासी बयानबाज़ी सीधे टकराव में तब्दील होने लगी है.**



किरोड़ीमल कॉलेज में मंगलवार को कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा और एनएसयूआई नेताओं की मौजूदगी में जो हुआ, उसने चुनावी माहौल को पूरी तरह गरमा दिया. दिल्ली विश्वविद्यालय में चल रहे डीयूएसयू चुनाव प्रचार के बीच किरोड़ीमल कॉलेज मंगलवार को सियासी अखाड़ा बन गया. कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा और एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी जैसे दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में उस वक्त माहौल बिगड़ गया जब कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस के बाद मारपीट शुरू हो गई. दीपेंद्र हुड्डा ने अपने संबोधन में कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि एनएसयूआई इस बार डीयूएसयू चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज करेगी. हम दिल्ली विश्वविद्यालय में 'मोहब्बत की दुकान' फिर से खोलेंगे. उनके इस बयान के बाद एबीवीपी समर्थकों ने आपत्ति जताई और मामला धक्का-मुक्की और हाथापाई तक पहुंच गया. की तरफ से आरोप लगाया गया कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जानबूझकर कार्यक्रम को बाधित करने की कोशिश की.

इस घटना के बाद अजय राय ने छात्रों को वीडियो संदेश के माध्यम से आश्वस्त किया और कहा एबीवीपी को एनएसयूआई को मिल रहा जनसमर्थन हज़म नहीं हो रहा है. लेकिन हिंसा और धमकी से न हम डरेंगे, न पीछे हटेंगे. उन्होंने कहा छात्र इन घटनाओं का जवाब अपने वोट की ताकत से देंगे. वहीं दिल्ली पुलिस से कॉलेज कैंपस में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है. विवाद के बाद कॉलेज प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की है. इस झड़प ने साफ कर दिया है कि चुनाव सिर्फ छात्र राजनीति तक सीमित नहीं रहा.

## आज का इतिहास

1598 - नीदरलैंड के नाविकों ने मॉरीशस की खोज की.

1761 - कोसाब्रोमा का युद्ध लड़ा गया.

1778 - अमेरिका और भारतीय जनजातियों के बीच पहली संधि (फोर्ट पिट) पर हस्ताक्षर किये गये.

1828 - क्यूशू, जापान में आये भयानक तूफान से लगभग 10,000 लोग मारे गए थे.

1914 - एंड्रयू फिशर तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम बने.

1934 - तत्कालीन सोवियन रूस लीग ऑफ नेशनंस में शामिल हुआ.

1941 - न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया.

# ऑस्ट्रेलिया में कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट होंगे बंद

**कैनबरा, 16 सितंबर. ऑस्ट्रेलिया सरकार ने तकनीकी कंपनियों के लिए नियामक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट 10 दिसंबर तक बंद करने होंगे.**



ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मंगलवार को यह निर्देश जारी किया है, जो 10 दिसंबर से प्रभावी होगा.ऑस्ट्रेलिया का यह दुनिया का पहला कानून है, जो नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाता है. दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया की संसद द्वारा पारित किए गए इस कानून का पालन न करने पर कंपनियों पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है. ऑस्ट्रेलिया की मंत्री अनिका वेल्स और ऑस्ट्रेलिया की ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंगलवार को दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि यह प्रतिबंध तुरंत पूरी तरह से प्रभावी हो जाएंगे. हम तुरंत किसी पूर्णता की उम्मीद नहीं कर रहे हैं.


## गाथा

### मोदी ने गुजरात में लोगों से पुन: जुड़ने और उनमें विश्वास जगाने के लिए पूरे राज्य में यात्रा का नेतृत्व किया

# जनसंपर्क और पलों को जन संवेदना का स्वरूप देते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नईदिल्ली 16 सितंबर. जब ज्यादातर नेता सिर्फ भाषणों तक ही सीमित रह जाते हैं, नरेन्द्र मोदी इससे भी आगे का मार्ग चुनते हैं. वे यात्राओं को जन संपर्क और पलों को जन संवेदना का स्वरूप देते हैं.**

एक तरफ वह ओडिशा में संथाली हथकरघा का पुनरुत्थान करने वाली एक जनजातीय महिला के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हैं तो दूसरी तरफ वह पुलवामा के पहले रात्रिकालीन क्रिकेट मैच का उत्साहवर्धन भी करते हैं. वह विकसित भारत पर हर नागरिक से प्रतिक्रिया आमंत्रित करते हैं. वह मानवता के लिए योग 2.0 से दुनिया को प्रेरित करते हैं. उनका यह जुड़ाव कृत्रिम नहीं है अपितु जीवन के भाव से परिपूर्ण है. यह हाथ मिलाने में, पत्र लिखने में, रेडियो पर साझा की गई कहानी में, और उस समुदाय के गौरव में है जिनकी आवाज राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचती है. जनसंवेदना लोगों के संघर्षों और आकांक्षाओं के प्रति सहानुभूति को दर्शाती है, और जन संपर्क देश के हर कोने में नागरिकों के साथ निरंतर संपर्क सुनिश्चित करता है. चाय पर चर्चा और निर्वाचन क्षेत्र की पहली रैलियों से लेकर स्थानीय गौरव का सम्मान करने वाले बहुभाषी संभाषणों तक, वह लोगों से मिलते हैं, उनकी बात सुनते हैं, तथा पूर्ण सहानुभूति और नीति दोनों के साथ अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं. नमो ऐप सहभागी एकजुटता को सक्षम बनाता है, जबकि मन की बात नागरिकों की कहानियों को राष्ट्रीय आंदोलनों में परिवर्तित कर देती है. संकट के समय और प्रतिदिन के शासन में, सहानुभूति के भाव- जैसे किसी शोकाकुल परिवार को सांत्वना देना या जवानों के साथ त्योहार मनाना- योजनाओं और सुधारों के माध्यम से व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े होते हैं.



लाभार्थियों की आवाज़ें, नागरिकों के अनुभव और उत्कृष्ट परिणाम मिलकर विश्वास की प्रमाण परिधि का निर्माण करते हैं. प्रधानमंत्री बनने से पहले ही, नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक यात्रा उन यात्राओं से जुड़ी थी जिनसे देखा जा सकता है कि उन्हें लोगों की इच्छाओं की कितनी समझ थी और लोगों से उनका सीधा जुड़ाव था. लालकृष्ण आडवाणी द्वारा आयोजित इस यात्रा में मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही और इसका उद्देश्य सोमनाथ से अयोध्या तक सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय गौरव को वापस लाना था. इसने आस्था और अस्मिता पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण आंदोलन का उदय हुआ. यात्रा श्रीनगर के लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ संपन्न हुई, जिसका नेतृत्व मोदी ने किया. यह भारत की एकता और स्वतंत्रता का एक सशक्त प्रदर्शन था. गुजरात में, मोदी ने लोगों से पुन: से जुड़ने और उनमें विश्वास जगाने के लिए पूरे राज्य में इस यात्रा का नेतृत्व किया. इसने लोगों में कठिन समय के बाद मज़बूत, गौरवान्वित और प्रगति के प्रति आशावान रहने का भाव बलवती हुआ. मुख्यमंत्री के रूप में, मोदी ने गुजरात के गठन के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मनाया.

### पीएम के उपहारों की होगी नीलामी

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर हर साल की तरह इस बार भी राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में 1300 उपहारों की नीलामी आयोजित की जाएगी. पीएम को उनके अंतरराष्ट्रीय दौरों और राज्यों के दौरों के दौरान मिले उपहारों को शामिल किया है. इन उपहारों की नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग सामाजिक व कल्याणकारी कार्यों के लिए होता है. अभी तक इस तरह की नीलामी से मिलने वाली राशि को गंगा स्वच्छता को लेकर चलाए.